ICAR-CIRG 43 वां संस्थान स्थापना दिवस

केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान में 43 वां स्थापना दिवस निदेशक डॉ डीके शर्मा जी की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी स्टाफ कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महानिदेशक पशु विज्ञान डॉक्टर बी एन त्रिपाठी जी द्वारा एवं निदेशक CSWRI द्वारा वृक्षारोपण किया। इस मौके पर कुलपति Dr A K Srivastava मथुरा द्वारा भी संस्थान की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए संस्थान के विकास यात्रा की सराहना की एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के माध्यम से महिला किसानों को पशु पालन व्यवसाय अपनाने की सलाह दी।

परिषद के पशु विज्ञान के उप महानिदेशक डॉ॰बी॰एन॰त्रिपाठी, प॰ दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान मथुरा, के कुलपति डॉ ए॰के॰श्रीवास्तव, डॉ ए॰के॰तोमर, केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर, जयपुर, डॉ॰पी॰के॰राय, निदेशक डी॰आर॰एम॰आर, भरतपुर, राजस्थान द्वारा वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया।

केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान में 43 वां स्थापना दिवस पर निदेशक CIRG डॉ डीके शर्मा जी द्वारा कुलपति डॉ ए0 के0 श्रीवास्तव प0 दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान मथुरा एवं डॉ ए॰के॰ तोमर, केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर, जयपुर का पुष्प देकर स्वागत सम्मान किया गया।

अर्धवार्षिक अजामुख पत्रिका जारी करते हुए।

किसानों को आकाशवाणी के माध्यम से आयोजित प्रतियोगिता में रहे सफल किसान सम्मानित किये गये।

किसानों की सहायता एवं प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के लिए कई राज्यों में संस्थान द्वारा बकरी पालन के प्रचार-प्रसार में किसान मेला में सम्मिलित हुए है।